मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-502
05/10/2025

मुख्यमंत्री ने राजगीर में नालंदा जिला के लिए 1242 करोड़ रुपये लागत की 48 विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, लाभुकों से किया संवाद

पटना, 05 अक्टूबर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला के राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 1242 करोड़ रुपये लागत की कुल 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें प्रगति यात्रा के दौरान जिले के विकास के लिए घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। इन योजनाओं से जिले में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा एवं उन्हें इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में ही आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि बढ़ाकर 400 रुपये से 1100 रुपये किया गया है। इसके अलावा गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये, आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 4500 रुपये, विद्यालय रात्रि प्रहरी का मानदेय 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये, किसान सलाहकारों का मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये तथा आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। इससे हम सभी लोग काफी खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिये 125 यूनिट बिजली फ्री करने से हमलोगों को काफी फायदा हो रहा है। इससे होने वाली बचत राशि का उपयोग हमलोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने उनके लिए किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप सभी लोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी प्रकार पूरी बुलंदी के साथ काम करते रहिए और आगे बढिये। सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप लोग अच्छे से मिल–जुलकर रहें तथा बिहार को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक डॉ0 जितेंद्र कुमार, विधायक श्रीमती रीना यादव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जितेंद्र राणा, नालंदा के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******